AMAR UJJALA N.D 4/5/18

टायर की कीमत बढ़ाने की तैयारी

शिशिर चौरसिया

नई दिल्ली।

कच्चे तेल की कीमत बढ़ने की वजह से अब मोटर वाहनों के टायर भी महंगे होने वाले हैं। देश की नामचीन कंपनियां - एमआरएफ, सिएट, अपोलो, योकोहोमा, कांटिनेंटल और जेके ने तो अपने डीलरों को टायर की कीमत में एक से तीन फीसदी की बढ़ोतरी के बारे में सूचना भी दे दी है। माना जा रहा है कि कीमतों में बढ़ोतरी के निर्णय को इसी पखवाड़े लागू कर दिया जाएगा। ऐसा हुआ, तो ग्राहकों को प्रति टायर 200 से 300 रुपये अधिक चुकाने होंगे। टायर डीलरों से मिली सूचना के मुताबिक एमआरएफ, सिएट, कांटिनेंटल, अपोलो और जेके टायर ने ट्रक टायरों की कीमत बढ़ाने के बारे में सूचना दे दी है। इन कंपनियों ने टायर की कीमतों में 1.5 से तीन फीसदी की बढ़ोतरी की जानकारी दी है। ऑल इंडिया टायर डीलर्स फेडरेशन के संयोजक एस पी सिंह का कहना है कि कच्चा तेल महंगा होने के नाम पर टायर की कीमतें बढ़ाई जा रही हैं।



200-300

रुपये महंगे होंगे टायर

कच्चा माल महंगा होने से बढ़ रही कीमतें

एक टायर कंपनी के मिड लेवल मैनेजमेंट में शामिल एक अधिकारी ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया कि कच्चे तेल की कीमतों में हुई बढ़ोतरी की वजह से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कार्बन ब्लैक काफी महंगा हो गया है। इसके साथ ही नायलॉन टायर फैब्रिक, रबर केमिकल्स और स्टील बीड वायर्स की कमी का भी सामना करना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि टायर बनाने में इन कच्चे माल की 25-30 फीसदी की हिस्सेदारी होती है।